20/DSO/M-2026-01

**Student's Copy**

| Serial No. |
|---|
| 3000505 |

# GENERAL HINDI

*Time : 3 Hours]* *[Full Marks : 100*

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 500 शब्दों में एक निबंध लिखिए : [30]
   (क) खान–पान की संस्कृति और स्वास्थ्य
   (ख) मनोरोगियों की बढ़ती संख्या : कारण और समाधान
   (ग) भारतीय खेल : वर्तमान और भविष्य

2. निम्नलिखित अवतरण का एक–तिहाई शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : [15]

   जीवन है तो समस्याएँ भी होंगी, चुनौतियाँ भी आएंगी। कई बार धारा के प्रतिकूल भी तैरना पड़ सकता है। जहाँ–जहाँ सुविधाएँ होंगी वहाँ कुछ दुविधाएँ भी उपस्थित होंगी। वर्तमान परिवेश में मनुष्य नित नई उलझनों में फँसता जा रहा है। व्यक्ति अपनी सुख–सुविधाओं को प्राप्त करने की अंधी दौड़ में बेतहाशा भागता चला जा रहा है। वह पल भर रूक कर, ठहरकर सोचना नहीं चाहता कि आखिर यह सब किसलिए? कुछ लोग इन सबके लिए वर्तमान व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर देते हैं तो कुछ लोग भाग्य को दोष देते हैं। इस संदर्भ में मूल बात तो यह है कि वर्तमान परिस्थितियों में हमारी प्रतिक्रिया कैसी है? हम इन समस्याओं के समक्ष डटकर खड़े होते हैं अथवा मैदान छोड़कर भाग खड़े होते हैं। बस इतने–से ही हमारा वर्तमान और भविष्य दोनों तय हो जाता है। पुरूषार्थ से दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदला जा सकता है। उद्यम की बड़ी महिमा है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को साधने का एकमात्र माध्यम पुरूषार्थ ही है। कठिनाईयों, चुनौतियों से लड़े बिना महान लक्ष्य की प्राप्ति असंभव है। इसके लिए सकारात्मक सोच का होना आवश्यक है। उद्यमशीलता और महत्वाकांक्षा भी आवश्यक है। इसके साथ अगर लोकल्याण की भावना भी जुड़ जाए तो सोने पर सुहागा हो सकता है।

3. निम्नलिखित मुहावरे–लोकोक्तियों में से किन्हीं पाँच के अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए : [5×3=15]
   (क) हथेली पर सरसों जमाना
   (ख) सूरज को दीपक दिखाना
   (ग) थोथा चना बाजे घना
   (घ) नौ की लकड़ी नब्बे ढुलाई
   (ङ) खग ही जाने खग की भाषा
   (च) सिर से पानी गुज़र जाना
   (छ) सड़क नापना

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : [5×1=5]

(क) पति

(ख) कपड़ा

(ग) आँख

(घ) स्त्री

(ङ) अमृत

(च) पत्नी

(छ) घर

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : [5×1=5]

(क) अंतरंग

(ख) आर्द्र

(ग) कनिष्ठ

(घ) आरोह

(ङ) सामिष

(च) रिक्त

(छ) उदयाचल

6. सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। [10]

अथवा

उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के संधि–विच्छेद कीजिए और संधि का नाम भी लिखिए : [5×1=5]

(क) लघूर्मि

(ख) इत्यादि

(ग) चिन्मय

(घ) अधोगति

(ङ) दुरूपयोग

(च) उल्लास

(छ) प्रत्येक

8. कारक की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए। [5]

9. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : [10×1=10]

(क) मैंने तेरे को एक पुस्तक दी थी।

(ख) आप सपरिवार सहित आमंत्रित हैं।

(ग) मुझे एक मोतियों की माला चाहिए।

3000565

(घ) आपका पत्र सधन्यवाद सहित प्राप्त हुआ।

(ङ) खरगोश को काटकर गाज़र खिलाओ।

(च) विगत वर्षों में मैं विदेश घूमने जाऊँगा।

(छ) मुझे केवल मात्र पाँच सौ रूपये दीजिए।

(ज) राम ने बिल्ली भगा दिया।

(झ) गाँव पंहुचते ही उनका प्राण उड़ गया।

(ञ) आपका दर्शन हुआ, मैं तो क्रितार्थ हो गया।